**प्रेस विज्ञप्ति**

**जनपद बस्ती**

**दिनांक-12.08.2025**

**थाना वाल्टरगंज पुलिस टीम द्वारा आपसी वाद-विवाद के दौरान 22 वर्षीय युवक की हत्या कारित करने वाले संबंधित अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके निशानदेही पर आला क़त्ल बरामद किया गया |**

दिनांक-02.08.2025 को घर से निकले युवक की मोटर साइकिल परसा कुशुम सल्टौआ में स्थित देशी शराब की दुकान के सामने दिनांक-03.08.2025 को मिलने व दिनांक-04.08.2025 को सरैया पुलिया नहर में उसके शव के मिलने पर उसके (मृतक) परिजनों द्वारा दिनांक-10.08.2025 को थाना स्थानीय पर प्राप्त तहरीर के आधार पर पंजीकृत मु0अ0सं0-168/2025 धारा-103(1), 238(a) BNS के विवेचनात्मक व अन्य आवश्यक वैधानिक कार्यवाही के क्रम में थाना वाल्टरगंज पुलिस द्वारा दिनांक-12.08.2025 को समय करीब 09:00 बजे **संबंधित अभियुक्त 1-** विशाल पुत्र रामसहाय को बगडेरवा शिव मंदिर से गिरफ्तार कर उसके निशानदेही पर आला क़त्ल एक अदद बांस का डन्डा बरामद कर अन्य आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है |

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

**1-** विशाल पुत्र रामसहाय उम्र करीब 23 वर्ष निवासी बासापार थाना वाल्टरगंज जनपद बस्ती |

**बरामदगी का विवरण-**

**1-** एक अदद बांस का डन्डा | **2-** एक अदद आधार कार्ड (मृतक का) |

**3-** नगद रुपये 1,700/- |

**घटना का संछिप्त विवरण-**

दिनांक-10.08.2025 को मजीदुन पत्नी स्व0 मुमताज अली निवासी देईपार बुर्जुग थाना वाल्टरगंज जनपद बस्ती द्वारा थाना वाल्टरगंज पर सूचना दिया गया कि दिनांक-02.08.2025 को समय करीब 18:00 बजे मेरा लड़का शाबिर अली उम्र करीब 22 वर्ष घर से अपनी मोटरसाइकिल गाड़ी संख्या-UP51-BP6124 से सालता हुआ चौखट बाजू लाने के लिए रुपए लेकर गया था किन्तु काफी समय बाद जब वह वापस नहीं आया तो हम लोग अपने आस-पड़ोस/ सगे-सम्बन्धियों/ नात-रिश्तेदारी में तलाश करने लगे एवं जब उसके मोबाइल नंबर पर काल किया गया तो नंबर बंद आने लगा | पुनः दिनांक-03.08.2025 को हम परिवारजन अपने बेटे की तलाश कर रहे थे कि परसा कुशुम सल्टौआ में स्थित देशी शराब की दुकान के सामने उसकी मोटरसाइकिल खड़ी मिली एवं दिनांक-04.08.2025 को हम लोगों को सूचना मिला कि एक व्यक्ति का शव सरैया पुलिया नहर में बह रही है, जिसे मौके पर मौजूद लोगों व पुलिस की मदद से शव को बाहर निकाला गया जोकि मेरे लड़के अली शाबिर की थी जिसके शव को थाना वाल्टरगंज पुलिस द्वारा नियमानुसार कब्जा पुलिस में लेकर पंचायतनामा भर कर पोस्टमार्टम करवाया गया | जब हम परिवारजन के लोग अपने लड़के के घर से जाने व उसकी शव नहर में मिलने के बारे में जानकारी कर रहे थे तो हमें ज्ञात हुआ कि दिनांक-02.08.2025 को समय करीब 20:00 बजे परसाकुसुम सल्टौआ के सामने स्थित देशी शराब ठेका के सामने मेरे बेटे व **1-**विशाल पुत्र रामसहाय निवासी बासापार थाना वाल्टरगंज जनपद बस्ती में वाद-विवाद हुआ था जो अपने किसी अन्य साथी के साथ मिल कर मेरे बेटे की हत्या किया है, जिस पर थाना वाल्टरगंज पर मु0अ0सं0-168/2025 धारा-103(1), 238(a) BNS पंजीकृत कर थाना वाल्टरगंज पुलिस द्वारा किए जा रहे विवेचनात्मक व अन्य आवश्यक वैधानिक कार्यवाही के क्रम में **संबंधित अभियुक्त 1-**विशाल पुत्र रामसहाय को दिनांक-12.08.2025 को समय करीब 09:00 बजे बगडेरवा शिव मंदिर से गिरफ्तार कर अन्य आवश्यक वैधानिक कार्यवाही किया जा रहा है |

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

**1-** थानाध्यक्ष वाल्टरगंज उमाशंकर त्रिपाठी जनपद बस्ती |

**2-** उ0नि0 श्री उपेन्द्र शर्मा थाना वाल्टरगंज जनपद बस्ती |

**3-** हे0का0 राकेश चौहान, हे0का0 लखीचन्द, का0 सलमान शाह, का0 रोहित यादव, का0 हरीशंकर थाना वाल्टरगंज जनपद बस्ती |